Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 28

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

13 जुलाई 2017 ई

18 शव्वाल 1438 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

ख़ुदा उन लोगों की शरण बन जाता है जो उसके साथ हो जाते हैं। अतः ख़ुदा की ओर आ जाओ और उसका विरोध करना त्याग दो। उसके कर्तव्यों में आलस्य से काम न लो,

और उसके बन्दों पर अपनी वाणी या अपने हाथ से अत्याचार मत करो और आसमानी प्रकोप और क्रोध से डरते रहो कि मुक्ति का मार्ग यही है ।

उपदेश हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

हे सरदारो, राजाओ और धनवानों ! तुम में ऐसे लोग बहुत ही कम हैं जो ख़ुदा से डरते और उसके समस्त मार्गों में सच्चे हैं । बहुतायत ऐसे लोगों की है जो संसार के देशों और सम्पत्तियों से हृदय लगाते हैं और फिर उसी में जीवन व्यतीत कर लेते हैं और मृत्यु को स्मरण नहीं करते। प्रत्येक सरदार जो उपासना नहीं करता और ख़ुदा से लापरवाह है उसके अधीन समस्त नौकरों का पाप उसकी गर्दन पर है। प्रत्येक अधिकारी जो मदिरापान करता है, उसकी गर्दन पर उन लोगों का भी पाप है जो उसके अधीन होकर मदिरापान में सम्मिलित हैं। हे बुद्धिजीवियो ! यह संसार सदैव रहने का स्थान नहीं । तुम संभल जाओ । तुम प्रत्येक असंतुलन को त्याग दो । प्रत्येक नशीली वस्तु का परित्याग करो। मनुष्य को तबाह करने वाली वस्तु केवल मदिरा ही नहीं अपितु अफ़ीम, गांजा, चरस, भॉग, ताड़ी और प्रत्येक नशा जो सदा के लिए आदत ही बना लिया जाता है, वह मस्तिष्क को ख़राब करता और अंततः विनाश कर देता है । अतः तुम इस से बचो। हम नहीं समझ सकते कि तुम क्यों इन वस्तुओं का प्रयोग करते हो, जिसके परिणाम स्वरूप प्रति वर्ष सहस्त्रों तुम्हारे जैसे नशे के व्यसनी इस संसार से कूच1 कर जाते हैं, और प्रलय के दिन का प्रकोप इसके अतिरिक्त है। बुराइयों से बचने वाले इन्सान बन जाओ ताकि तुम्हारी आयु बढ़ जाए और तुम ख़ुदा से वरदान पाओ। सीमा से अधिक भोग-विलास में पड़ना लानती जीवन है। सीमा से अधिक दुराचारी और निरर्थक होना लानती जीवन है, हद से अधिक ख़ुदा या उसके भक्तों की हमदर्दी से लापरवाह होना लानती जीवन है।

प्रत्येक अमीर से ख़ुदा के अधिकारों और मनुष्य के अधिकारों के विषय में ऐसे ही पूछा जाएगा जैसे एक फ़कीर से बल्कि उससे भी अधिक। अतः कितना दुर्भाग्यशाली है वह मनुष्य जो इस अल्पकालिक जीवन पर निर्भर रहकर ख़ुदा को पूर्णातया तिलांजलि दे देता है और ख़ुदा की अवैध वस्तुओं का इतनी बेशर्मी से उपभोग करता है जैसे वह अवैध उसके लिए वैध है। क्रोध की दशा में दीवानों की भांति किसी को गाली, किसी को ज़ख़्मी तो किसी को क़त्ल करने के लिए तैयार हो जाता है और कामुक आवेग में बेशर्मी के मार्गों को चरम सीमा तक पहुंचा देता है। अतः वह सच्ची ख़ुशहाली प्राप्त नहीं कर सकेगा, यहां तक कि मृत्यु आ जाएगी। हे मित्रो तुम अल्प समय के लिए इस संसार में आए हो और उसमें से भी बहुत सा समय व्यतीत हो गया । अतः अपने ख़ुदा को रुष्ट मत करो। एक इन्सानी सरकार जो तुम से प्रबल हो यदि वह तुम से नाराज़ हो तो वह तुम्हें नष्ट कर सकती है। अतः तुम विचार कर लो, ख़ुदा की नाराज़गी से तुम कैसे बच सकते हो।

यदि तुम ख़ुदा की दृष्टि में संयमी हो जाओ तो तुम्हें कोई भी नष्ट नहीं कर सकता, वह स्वयं तुम्हारी रक्षा करेगा और वह शत्रु जो तुम्हारे प्राणों के पीछे पड़ा हुआ है तुम पर काबू नहीं पा सकेगा, अन्यथा तुम्हारे प्राणों का कोई रक्षक नहीं ! तुम शत्रुओं से भयभीत होकर या अन्य आपदाओं से ग्रसित होकर बेचैनी से जीवन व्यतीत करोगे और तुम्हारी आयु के अन्तिम दिन बड़े शोक और क्रोध के साथ व्यतीत होंगे। ख़ुदा उन लोगों की शरण बन जाता है जो उसके साथ हो जाते हैं। अतः ख़ुदा की ओर आ जाओ और उसका विरोध करना त्याग दो। उसके कर्तव्यों में आलस्य से काम न लो, उसके भक्तों पर अपनी वाणी या अपने हाथ से अत्याचार मत करो और आसमानी प्रकोप और क्रोध से डरते रहो कि मुक्ति का मार्ग यही है ।

हे इस्लाम के विद्वानो ! मूझे झूठा कहने में जल्दी न करो कि बहुत से रहस्य ऐसे होते हैं कि मनुष्य जल्दी से समझ नहीं सकता । बात को सुनकर उसी समय उस का खण्डन करने के लिए तैयार मत हो जाओ कि यह संयम का मार्ग नहीं है। यदि तुम में कुछ दोष न होते और यदि तुमने कुछ हदीसों के उल्टे अर्थ न किए होते तो मसीह मौऊद जो न्याय करने वाला है का आना ही व्यर्थ था। तुम से पूर्व यह नसीहत प्राप्त करने का स्थान मौजूद है कि जिस बात पर तुमने बल दिया है और जिस स्थान पर तुमने क़दम रखा है उसी स्थान पर यहूदियों ने रखा था अर्थात जैसा कि तुम हज़रत ईसा के दोबारा आने की प्रतीक्षा कर रहे हो, वे भी इल्यास नबी के दोबारा आने की प्रतीक्षा कर रहे थे और कहते थे कि मसीह तब आएगा जब कि पहले इल्यास नबी जो आकाश पर उठाया गया दोबारा दुनियां में आ जाएगा। जो व्यक्ति इल्यास के दोबारा आने से पूर्व मसीह होने का दावा करे वह झूठा है। और वे न केवल हदीसों के अनुसार ऐसी विचारधारा रखते थे अपितु परमेश्वर की पुस्तक को जो कि मलाकी नबी की पुस्तक है। इसके प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत करते थे। परन्तु जब हज़रत ईसा ने अपने बारे में यहूदियों के मसीह मौऊद होने का दावा कर दिया और इल्यास आकाश से न उतरा जो उस दावे की शर्त थी तो इन यहूदियों की समस्त आस्थाएं मिथ्या सिद्ध हो गईं और जो यहूदियों की विचारधारा थी कि एलिया नबी इस भौतिक शरीर के साथ आकाश से उतरेगा अंततः उसका अभिप्राय यह निकला कि इल्यास की आदत और स्वभाव पर कोई अन्य व्यक्ति प्रकट हो जाएगा। इस अभिप्राय का उल्लेख स्वयं हज़रत ईसा ने किया, जिनको दोबारा आकाश से उतार रहे हो । अतः तुम क्यों ऐसे स्थान पर ठोकर खाते हो जिस स्थान पर तुम से पूर्व यहूदी ठोकर खा चुके हैं। तुम्हारे देश में सहस्त्रों यहूदी मौजूद हैं तुम उनसे पूछ कर देखो कि क्या यहूदियों की यही आस्था नहीं, जो इस

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ज़िक्रे इलाही

तकरीर हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद ख़लीफतुल मसीह सानी रज़ि अल्लाह अन्हो

जलसा सालाना 28 दिसंबर 1916 ई (भाग-3)

और फिर जब हम यह भी साबित कर देंगे कि दुआ के अलावा कुछ अन्य तरीकों से भी ज़िक्ररुल्लाह का भी ख़ुदा तआला ने आदेश दिया है चाहे उनकी हिक्मत किसी की समझ में आए या न आए और रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने भी फरमाया है तो ज़रूरी है कि आध्यात्मिकता की पूर्णता पाने के लिए इन तरीकों पर भी अमल किया जाए है। हमारी जमाअत में नफलों की अदायगी करने की ओर पूरा ध्यान न होने की यह भी वजह है कि इन लोगों ने ज़िक्ररुल्लाह के इस ज़िक्र के तरीके को लाभ दायक समझा नहीं। वे फर्ज़ों को अदा करके समझ लेते हैं कि हम ने काम पूरा कर लिया। हालांकि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फरमाते हैं और ख़ुद नहीं फरमाते बल्कि यह कहते हैं कि अल्लाह तआला ने मुझे कहा है कि

لَا يَزَالُ عَبْدِیْ يَتَقَرَّبُ اِلَیَّ بِالنَّوَافِلِ فَكُنْتُ سَمْعَهُ الَّذِیْ يَسْمَعُ بِهٖ وَبَصَرَهُ الَّذِیْ يُبْصِرُ بِهٖ وَيَدَهُ الَّتِیْ يَبْطِشُ بِهَا وَرِجْلَهُ الَّتِیْ يَمْشِیْ بِهَا

(बुखारी किताबुल रिकाक) अल्लाह तआला तआला फरमाता है कि नफलों के द्वारा मेरा बंदा मुझ से इतना करीब हो जाता है कि मैं उस के कान बन जाता हूं जिस से कि वह सुनता है। और मैं उसकी आँखें हो जाता हूं जिस से कि वह देखता हे। और में उसके हाथ जाता हूं जिस से कि वह पकड़ता और मैं उसके पांव हो जाता हूं जिस से कि वह चलता है।

इससे आप लोग समझ सकते हैं कि अल्लाह तआला नफलों का कितना बड़ा दर्ज़ा रखा है और नफल पढ़ने वाले के लिए कितना बड़ा स्थान करार दिया है। मानो उनके द्वारा अल्लाह तआला मनुष्य को इस सीमा तक पहुंचा देता है कि इंसान अल्लाह तआला के गुण अपने अंदर ले लेता हे। अत: नफल कोई मामूली बात नहीं है। मगर अफसोस कि कई लोग उनकी ओर ध्यान नहीं करते। मूल बात यह है कि इंसान में कमज़ोरी और सुस्ती है इसलिए वह कम से कम इबादत को अमल में लाना चाहता है। यही कारण है कि अल्लाह तआला जो अपने बन्दों की कमजोरियों से परिचित और उन पर बहुत बड़ा दयालु है उसने कुछ तो फर्ज़ निर्धारित कर दिए हैं और कुछ नफल। फर्ज़ तो इसलिए कि अगर कोई व्यक्ति उन्हें पूरा कर लेगा तो उस पर कोई आरोप नहीं आएगा। अत: हदीस में आता है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास एक व्यक्ति आया और उसने आकर इस्लाम के बारे में पूछा आपने फ़रमाया:

خَمْسُ صَلَوَاتٍ فِی الْيَوْمِ وَاللَّيْلَةِ فَقَالَ هَلْ عَلَیَّ غَيْرُهَا قَالَ لَا اِلَّا اَنْ تَطَوَّعَ فَقَالَ رَسُوْلُ اللّٰهِ صَلَّی اللّٰهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَصِيَامُ رَمَضَانَ قَالَ هَلْ عَلَیَّ غَيْرُهٗ قَالَ لَا اِلَّا اَنْ تَطَوَّعَ قَالَ وَذَكَرَ لَهٗ رَسُوْلُ اللّٰهِ صَلَّی اللّٰهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الزَّكٰوةَ قَالَ هَلْ عَلَیَّ غَيْرُهَا قَالَ لَا اِلَّا اَنْ تَطَوَّعَ قَالَ فَاَدْبَرَ الرَّجُلُ وَهُوَ يَقُوْلُ وَاللّٰهِ لَا اَزِيْدُ عَلٰی هٰذَا وَلَا اَنْقُصُ قَالَ رَسُوْلُ اللّٰهِ صَلَّی اللّٰهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اَفْلَحَ اِنْ صَدَقَ

(बुखारी किताबुल ईमान)

रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे कहा कि दिन रात में पाँच नमाज़ें हैं। उसने कहा क्या उनके अतिरिक्त और भी हैं। रसूल करीम ने फरमाया नहीं । लेकिन यदि नफिल के रूप में पढ़े। फिर रसूले करीम ने फरमया। रमज़ान के रोज़े उस ने कहा। क्या उनके अतिरिक्त और भी हैं। रसूले करीम ने फरमाया नहीं। लेकिन यदि नफिल के रूप में पढ़े। फिर रसूले करीम ने फरमाया। रमज़ान के रोज़े। उस ने कहा क्या अतिरिक्त और भी हैं। आपने फ़रमाया नहीं। मगर जो तो नफिल के रूप में रखे। फिर आपने फ़रमाया। इस्लाम में ज़कात भी कर्तव्य है। उसने कहा क्या इसके अतिरिक्त और भी है आपने फ़रमाया नहीं। लेकिन जो तो नफिल के रूप में दे। या सुनकर वह व्यक्ति यह कहता हुआ चला गया। कि ख़ुदा की क़सम! मैं इस में अधिकता करूंगा ना कमी। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया यह व्यक्ति सफल हो गया अगर उस ने सच कहा है।

इससे पता चलता है कि जो व्यक्ति फर्ज़ों को पूरी तरह अदा कर ले वह सफल हो जाता है मगर सावधान और दूरदृष्टि व्यक्ति केवल फर्ज़ों को अदा करने पर ही नहीं रहता बल्कि वह नफलों में भी कदम रखता है ताकि अगर फर्ज़ों के अदा होने में कोई कमी रह गई हो तो वह इस तरह पूरी हो जाए। जैसे दिन रात में पाँच नमाज़ें अदा करना अनिवार्य है। एक ऐसा व्यक्ति जो यह नमाज़ें तो अदा करता है लेकिन नफल नहीं पढ़ता, संभव है कि एक नमाज़ ऐसी अदा हुई हो जो उसकी किसी ग़लती की वजह से रद्द हो गई हो और क़यामत के दिन उसे इसका बदला अदा करना पड़ेगा। अत: हदीस में आता है कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक बार मस्जिद में तशरीफ़ रखते थे कि एक व्यक्ति ने आ कर नमाज़ पढ़ी आप ने इसे फरमाया फिर पढ़ो उसने फिर पढ़ी। आप ने फरमाया फिर पढ़ो उसने फिर पढ़ी तीसरी बार आपने फ़रमाया फिर पढ़ो उसने फिर पढ़ी है। जब आप ने चौथी बार उसे पढ़ने के लिए कहा तो उस ने कहा हे रसूल अल्लाह ख़ुदा की कसम इस से अधिक मुझे नमाज़ नहीं आती आप बताएँ कैसे पढ़ूँ । आप ने फरमाया तुम ने जल्दी नमाज़ पढ़ी है इसलिए स्वीकार नहीं हुई धीरे पढ़ो। (बुख़ारी)

तो कभी कभी ऐसी त्रुटि ही जाती हैं जिनकी वजह से नमाज़ स्वीकार नहीं होती परन्तु वह व्यक्ति जो फर्ज़ नमाज़ के साथ नफल भी अदा करता है की अगर कोई नमाज़ स्वीकार न हो तो नफल उसे काम दे सकेंगे और इस कमी को पूरा कर देंगे। उसका ऐसा ही उदाहरण है कि कोई व्यक्ति ऐसी परीक्षा देने के लिए जाए जिसमें पास होने के लिए केवल पचास नंबर पाने की शर्त हो और वे जाकर इतने सवाल हल कर आए। जिनके पचास ही नंबर हों और विश्वास कर ले कि मैं इस में पूरे पचास नंबर प्राप्त न सकें और वह फेल हो इसीलिए जो चालाक और बुद्धिमान हों वे भी सारे के सारे समाधान कर के आते हैं कि शायद सब के नंबर मिल मिला कर पास हो सकें। फिर यदि कोई सफर में चले और अनुमान कर ले कि मुझे इतना खर्च आवश्यक होगा और इतना ही साथ ले तो कभी कभी ऐसा भी होता है कि उसका अंदाज़ा ग़लत निकलता है और उसे सख्त परेशानी उठानी पड़ती है। इसलिए सावधान और बुद्धिमान लोग अनुमान से कुछ अधिक लेकर चलते हैं ताकि संयोग से खर्च के समय कष्ट न हो। तो नफल इत्तफाक से खर्च की तरह होते हैं और निहायत ज़रूरी हैं इसलिए उन्हें अदा करने की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए।

दूसरा कारण हमारी जमाअत के लोगों का ज़िक्रे इलाही की तरफ पूरा ध्यान न करने का है कि हज़रत मसीह मौऊद ने उन नाम के सूफ़ियों के रद्द में जो उस ज़माने में पैदा हो गए और जिन्होंने विभिन्न प्रकार बिदअतें फैला रखी हैं बहुत कुछ लिखा है। और उन्हें संबोधित करके कहा है कि तुम्हारे तोते की तरह वज़ीफे पढ़ने का कुछ परिणाम नहीं निकल सकता। तुम मुसल्लों पर बैठे क्या कर रहे हो, जबकि इस्लाम में चारों ओर से हमले हो रहे हैं तुम क्यों उठकर जवाब नहीं देते। इस तरीके से हज़रत मसीह मौऊद ने उन लोगों की निंदा की है और वास्तव में यह लोग निंदा के ही योग्य थे। लेकिन कुछ लोगों ने इस से यह ग़लती खाई है कि उन्होंने समझ लिया है कि शायद बैठकर अल्लाह तआला का ज़िक्र करना ही लग़्व कार्य है हालांकि इस तरह ज़िक्र लग़्व नहीं है बल्कि इसका तो उद्देश्य यह है कि ख़ुदा की प्रतिष्ठा और प्रशंसा हो लेकिन वे लोग चूँकि केवल घरों में बैठकर अल्लाह तआला का ज़िक्र करते थे और बाहर निकल कर जहां कि अल्लाह तआला की निंदा हो रही थी कुछ नहीं करते थे इसलिए उन्हें हज़रत मसीह मौऊद ने डांटा और फरमाया कि अगर तुम लोग वास्तव में अल्लाह तआला से प्रेम रखते हो उसकी प्रतिष्ठा और सम्मान वर्णन करते हो तो जिस तरह घरों में बैठे उसकी प्रशंसा वर्णन करते और उसकी स्तुति करते हो इसी तरह घरों से बाहर निकल कर भी करो। चूंकि उन्होंने सुस्ती और आलस्य की वजह से बाहर निकल कर नेकी का आदेश और बुराइयों से रोकना छोड़ दिया था इसलिए उन्हें डांटा गया है कि यह तो पाखंड है। क्योंकि अगर तुम्हारे मन में अल्लाह तआला से सच्चा प्यार और इश्क होता तो क्या कारण है कि जब विरोधी अल्लाह तआला पर हमला करते हैं तब तुम बाहर निकल कर उन्हें मुकाबला नहीं और क्या कारण है कि जिस तरह से तुम लोग कोनों और किनारों में ख़ुदा तआला को पवित्र बताते हो इसी तरह सार्वजनिक स्टेजों पर नहीं करते।

वर्तमान सूफ़ियों का ज़िक्रे इलाही:

फिर उन्हें डाँटने का यह भी कारण हुआ कि "हर के गीर वो इल्लते शवद" के अनुसार ज़िक्ररुल्लाह को उन सूफ़ियों और गदी नशीनों ने ऐसे रंग में इस्तेमाल किया कि बिगाड़ कर कुछ का कुछ बना दया। और इस्लाम ने जिस रंग में पेश किया था

शेष पृष्ठ 11 पर

ख़ुत्बः जुमअः

पिछले ख़ुत्बा में मैंने वर्णन किया था कि अल्लाह तआला ने रोज़ों और रमज़ान का उद्देश्य जो उल्लेख किया है वह दिल में तक्वा पैदा करना है और इस संबंध में मैंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के कुछ उद्धरण प्रस्तुत किए थे कि इस को प्राप्त करने के लिए क्या तरीके हैं और हमें कैसे यह धारण करना चाहिए। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस विषय को हमारे दिलों में बिठाने के लिए विभिन्न स्थानों पर इसे अधिक विस्तार से वर्णन किया है ताकि हमारे दिलों में इसका महत्त्व सुदृढ़ हो और हमारे हर कर्म और आचरण से इस की अभिव्यक्ति होने लगे।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस बात का वर्णन फरमाते हुए कि इंसान के मुत्तकी होने के लिए केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि वे इबादत करने वाला हो या केवल अल्लाह तआला के अधिकार अदा कर रहा हो बल्कि आप ने यह भी उल्लेख किया कि मुत्तकी वह है जिस के आचरण भी उच्च हो और वह अपने आचरण से दूसरों पर अपनी नेकी और तक्वा का प्रभाव स्थापित करे।

हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के हवाले से विभिन्न उपदेशों से उच्च आचरण को अपनाने का महत्त्व और इस बारे में जमाअत को प्रमुख उपदेश।

आजकल इस सुस्ती के दूर करने के लिए अल्लाह तआला ने सामान प्रदान फरमाए हैं इस महीने में आचरण के सुधार की तरफ भी प्रत्येक को ध्यान देना चाहिए और अन्य कमज़ोरियों और गुनाहों से बचने की ओर भी ध्यान देना चाहिए।

आचरण की प्राप्ति के लिए तौबा बहुत सहायक तथा तहरीक करने वाली चीज़ है। वास्तवकि तौबा की तीन बुनयादी शर्तों को वर्णन।

कुछ तथ्य और मआरिफ़ को देखकर ईमान लाते हैं लेकिन अक्सर लोग वे होते हैं जिनके मार्गदर्शन और शान्ति का कारण उत्तम आचरण और मुहब्बत होती हैं। असंख्य लोग आजकल भी जो अहमदियत में दाख़िल होते हैं किसी न किसी अहमदी के आचरण से प्रभावित होकर या समग्र जमाअत के आचरण से प्रभावित होकर अहमदी हो रहे होते हैं। अतः हर अहमदी को इस बात पर नज़र रखनी चाहिए कि आचरण केवल उसे तक्वा में बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि एक धार्मिक कर्तव्य है और दूसरों के सुधार का माध्यम भी हैं। इसलिए हर अहमदी को अपने आचरण पर नज़र रखनी चाहिए।

हमारे हर कर्म से साबित होना चाहिए कि हम ने इस आप की बैअत में आ कर अपने अंदर नैतिक परिवर्तन पैदा किए, पवित्र परिवर्तन पैदा किए हैं और फिर लोगों को यह बताएँ भी और यही तब्लीग़ का माध्यम है। अल्लाह तआला हमें तक्वा पर चलते हुए अपने स्वभाव में पवित्र परिवर्तन पैदा करने और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के उस्वा हुस्ना को सामने रखने और हर समय उच्च आचरण की अभिव्यक्ति की तौफ़ीक़ प्रदान करे और हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की इच्छा के अनुसार ही अपना जीवन बिताने वाले हों।

आदरणीय लुतफुर्रहमान महमूद साहिब अमेरिका पुत्र आदरणीय मियां अता उर्रहमान साह्ब और आदरणीय मिर्ज़ा उमर अहमद साहिब(रब्वा) पुत्र साहिबज़ादा डाक्टर मुनव्वर अहमद साहिब की वफात मरहूमीन का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़,
दिनांक 9 जून 2017 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ ۔

पिछले ख़ुत्बा में मैंने वर्णन किया था कि अल्लाह तआला ने रोज़ों और रमज़ान का उद्देश्य जो उल्लेख किया है वह दिल में तक्वा पैदा करना है और इस संबंध में मैंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के कुछ उद्धरण प्रस्तुत किए थे कि इस को प्राप्त करने के लिए क्या तरीके हैं और हमें कैसे यह धारण करना चाहिए। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस विषय को हमारे दिलों में बिठाने के लिए विभिन्न स्थानों पर इसे अधिक विस्तार से वर्णन किया है ताकि हमारे दिलों में इसका महत्त्व सुदृढ़ हो और हमारे हर कर्म और आचरण से इस की अभिव्यक्ति होने लगे क्योंकि अगर तक्वा नहीं तो किसी भी प्रकार की भलाई जो अल्लाह तआला की ख़ुशी पाने के लिए हो नहीं हो सकती। प्रत्येक इंसान अस्थायी और क्षणिक नेकियाँ किसी क्षणिक जोश और कारण से कर लेता है लेकिन इसमें नियमितता तभी आती है जब वास्तविक तक्वा हो।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस बात का वर्णन फरमाते हुए कि इंसान के मुत्तकी होने के लिए केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि वे इबादत करने वाला हो या केवल अल्लाह तआला के अधिकार अदा कर रहा हो बल्कि आप ने यह भी उल्लेख किया कि मुत्तकी वह है जिस के आचरण भी उच्च हो और वह अपने आचरण से दूसरों पर अपनी नेकी और तक्वा का प्रभाव स्थापित करे।

इसलिए आप ने एक अवसर पर फरमाया कि "आचरण मनुष्य के सालेह (नेक) होने की निशानी है।"

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 128 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर इस बात का वर्णन फरमाते हुए कि एक मोमिन के जीवन का उद्देश्य यह होना चाहिए कि इस्लाम की शिक्षा का सौंदर्य हमेशा प्रकट किया जाए और यह इस अवस्था में संभव है जब तक्वा पर चलते हुए उच्च आचरण का प्रदर्शन किया जाए। आप फरमाते हैं कि

"तक्वा के बहुत से घटक हैं। अहंकार, खुद पसन्दी, माले हराम से परहेज़ और आचरण से बचना भी तक्वा है। जो व्यक्ति अच्छे आचरण व्यक्त करता है उसके दुश्मन भी दोस्त हो जाते हैं। अल्लाह तआला फरमाता है اِدْفَعْ بِالَّتِيْ هِيَ اَحْسَنُ السَّيِّئَةَ (अल्मौमेनून 97) (फरमाया एक तो यह कि बुराइयों से बचना यह तक़वा है। अच्छे आचरण व्यक्त करना यह तक़वा है जिस से दुश्मन भी दोस्त हो जाता है।) आप फरमाते हैं "अब विचार करो कि यह हिदायत क्या शिक्षा देती है? इस हिदायत में अल्लाह तआला की यह इच्छा है कि अगर विरोधी गाली दे तो उसका जवाब गाली से न दिया जाए बल्कि धैर्य किया जाए। इसका नतीजा यह होगा कि विरोधी आपकी नेकी से आश्वस्त होकर ख़ुद ही लज्जित और

शर्मिंदा हो जाएगा और यह सज़ा उस सज़ा से बहुत बढ़कर होगी जो बदले के रूप में तुम इसे दे सकते हो।" फरमाते हैं "यूं तो एक ज़रा सा आदमी हत्या तक नौबत पहुंचा सकता है लेकिन मानवता की मांग और तक्वा का उद्देश्य यह नहीं है। अच्छा आचरण एक ऐसा तत्व है कि हानिकारक आदमी पर भी इसका प्रभाव पड़ता है।" फरमाते हैं किसी ने फारसी में क्या अच्छा कहा है ।

लुतफ कुन लुतफ कि बेगाना शवद हलका बगोश"

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 81 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

(कि मेहरबानी से पेश आओ तो बेगाने भी तुम्हारे मित्रों में शामिल हो जाएंगे।)

अत: यह वह सैद्धांतिक बात है जो हमेशा हमें मद्देनज़र रखनी चाहिए कि अपने हर कर्म को तक्वा के अधीन करते हुए अच्छे आचरण का प्रदर्शन हो।

फिर इस बात की अधिक व्याख्या फ़रमाते हुए कि आचरण से क्या अभिप्राय है और उनका उद्देश्य क्या है? जो अच्छे आचरण को प्रकट करने वाला हो उसका उद्देश्य क्या है? और हमारे सामने उन आचरण का नमूना क्या है? आप फरमाते हैं कि

"प्रथम आचरण जो इंसान को इंसान बनाता है आचरण से केवल नर्मी ही मतलब न ले।" (जो आचरण इंसान को इंसान बनाते हैं उनसे सिर्फ इतना मतलब नहीं है कि आप दूसरों से नरमी से पेश आओ।) फरमाया "ख़लक और ख़ुलक दो शब्द हैं जो एक दूसरे के मुकाबला में व्यवहार होते है। ख़लक ज़ाहरी पैदायश का नाम है। जैसे कान नाक यहां तक कि बाल आदि भी सबसे ख़लक में शामिल हैं और ख़ुलक भीतरी पैदायश का नाम है। ऐसा ही भीतरी शक्तियां जो मनुष्य और जानवर में अन्तर का कारण हैं वे सब ख़ुलक में शामिल हैं यहां तक कि बुद्धि चिंता आदि सभी शक्तियां ख़ुलक ही में सम्मिलित हैं।"

फरमाते हैं "ख़ुलक से इंसान अपनी मानवता को ठीक करता है। अगर मनुष्यों के कर्तव्य न हों तो मान लेना पड़ेगा" (मनुष्यों के जो फर्ज़ हैं वे अगर अदा नहीं करता हो या निर्धारित न हों तो मान लेना पड़ेगा, देखना पड़ेगा।) "कि आदमी है? या गधा है? या क्या है जब ख़ुलक में अंतर आ जाए तो शक्ल ही रहती है" "आदमी बनने के लिए तो उच्च आचरण आवश्यक हैं। और अगर आचरण अच्छा नहीं ,अगर इन में अंतर आ जाता है तो बाहरी शक्ल आदमी की रह जाती है और जो वास्तविक मानवता है वह समाप्त हो जाती है।)

आप फरमाते हैं "जैसे बुद्धि मारी जाए तो मजनून कहलाता है। केवल बाहरी शक्ल से ही व्यक्ति कहलाता है।" (कोई पागल हो इंसान ज़ाहरी स्थिति से कहलाता है लेकिन उसकी बुद्धि बिल्कुल नहीं है और जो इंसानों में अक्ल होती है इससे वह खाली हो जाता है) "अत: आचरण से अभिप्राय ख़ुदा तआला की ख़ुशी है" ("और वह प्रसन्न करने का यत्न किया है?) "जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के व्यावहारिक जीवन में सन्निहित दिखाई देता है।" (आचरण वे हैं जो अल्लाह तआला चाहता है और अल्लाह तआला क्या चाहता है वह जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के जीवन में आप के प्रत्येक पहलू से हमें दिखाई देता है।) "अल्लाह तआला की प्रसन्नता को प्राप्त करना है।" (यह हमारा लक्ष्य होना चाहिए। नैतिकता से अभिप्राय ख़ुदा तआला की ख़ुशी को हासिल करना है) इसलिए आवश्यक है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जीवन शैली के अनुसार अपने जीवन को बनाने की कोशिश करे। यह आचरण बुनियाद के रूप में हैं। अगर वह अस्थिर रहे तो उस पर इमारत नहीं बना सकते। आचरण एक ईंट पर दूसरी ईंट का रखना है। अगर एक ईंट टेड़ी हो तो सारी दीवार टेड़ी रहती है। किसी ने क्या अच्छा कहा है

खश्ते अव्वल चूं नहद मअमार कज
ता सुरैया मै रवद दीवार कज

(कि अगर वास्तुकार पहली ईंट ही टेड़ी लगा दे तो इससे बनने वाली दीवारों जो हैं वे आकाश तक फिर टेड़ी ही जाएँगी।)

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 132 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर आप फरमाते हैं। "इन बातों को बहुत ध्यान से सुनना चाहिए। अक्सर लोगों को मैंने देखा है और ध्यान से अध्ययन किया है कि कुछ उदारता तो करते हैं।" (बड़े उदार हैं। लोगों को देते भी हैं) "लेकिन साथ ही गुस्सा और शीघ्र क्रोध में भी आ जाते हैं।" (क्रोध में तुरंत आ जाते हैं) "कुछ उदार तो हैं लेकिन कंजूस हैं।" (बड़े उदार हैं नर्म चरित्र के हैं लेकिन कंजूस हैं।) "कुछ क्रोध और ग़ुस्सा की स्थिति में डंडे मार-मार कर घायल देते हैं परन्तु विनम्रता और विनय नाम को भी नहीं। कुछ को देखा है कि विनम्रता और विनय तो उन में बहुत अधिक है कुछ को देखा है कि विनय और विनम्रता तो उन में बहुत उन्नत स्तर का है परन्तु बहादुरी बिल्कुल नहीं है।" (या तो गुस्से में आ गए तो विनम्रता और विनय कोई नहीं। अगर विनम्रता और विनय दिखाएंगे तो जहां बहादुरी की ज़रूरत है वह आचरण उनमें समाप्त हो जाता है।)

फिर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आचरण के बारे में आप फरमाते हैं कि अल्लाह तआला ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की शान में फरमाया कि "इन्नका लअला ख़ुल्किन अज़ीम" और जीवन के हर क्षेत्र में आप ने अपने ख़ुलक (आचरण) के वे नमूने स्थापित कर दिए जो अपनी मिसाल आप हैं और जिस पर अपनी ताकत और सामर्थ्य के अनुसार चलना प्रत्येक मोमिन का कर्तव्य है।

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बारे में फरमाया कि एक समय है कि आप वाग्मिता से एक गिरोह छवि की तरह हैरान कर रहे हैं। (ऐसा भाषण और ऐसी वर्णन की स्पष्टता है कि बड़ा भारी गिरोह जो है वह प्रभावित हो जाता है।) "एक समय आता है कि तीर और तलवार के क्षेत्र में बढ़ कर बहादुरी दिखाते हैं। उदारता पर आते हैं तो सोने का पहाड़ देते हैं। नम्रता में अपनी शान दिखाते हैं क़त्ल के योग्य को छोड़ देते हैं। अत: रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बेनज़ीर और पूर्ण नमूना है जो ख़ुदा तआला ने दिखा दिया है।" आप फरमाते हैं कि "इस का उदाहरण एक बड़े भव्य पेड़ की तरह है जिस की छाया में बैठ कर व्यक्ति उसके प्रत्येक अंश से अपनी ज़रूरतों को पूरा कर ले। उसका फल, उसका फूल, उसकी छाल उस के पत्ते बहरहाल सब कुछ उपयोगी है।"

फिर आप आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़ुलक के बारे में और अधिक फरमाते हैं कि "लड़ाई में सबसे बहादुर वह समझा जाता था जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के निकट होता था क्योंकि आप बड़े ख़तरनाक स्थान में होते थे। सुबहान अल्लाह क्या शान है।" फरमाते हैं कि "एक समय आता है कि आपके पास इतनी भेड़-बकरियां थीं कि कैसर और किसरा के पास भी न हों आप वह सब एक मांगने वाले को बख्श दीं।" (ख़ुलक की यह अभिव्यक्ति है।) "अब अगर निकट न होता तो क्या देते।?" (फिर एक और रंग है) "अगर हुकूमत का रंग न होता तो यह कैसे साबित होता है कि आप क़त्ल योग्य काफिरों को बावजूद सामर्थ्य के क्षमा कर सकते हैं।" (शक्ति रखते हैं इसके बावजूद क्षमा कर दिया।) "जिन्होंने सहाबा और हुज़ूर अलैहिस्सलाम और मुस्लिम महिलाओं को सख्त से सख्त यातनाएं और कष्ट दिए थे जब वह सामने आए तो आपने फ़रमाया। "ला तसरीबा अलैकुम" मैंने आज तुम्हें क्षमा कर दिया। अगर ऐसा मौका न मिलता तो ऐसे उच्च आचरण हुज़ूर (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के कैसे प्रकट होते।" आप फरमाते हैं कि "कोई ऐसा आचरण बतलाओ जो आप में न हो और फिर कहीं सम्पूर्ण रूप से पूर्ण न हो।"

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 134 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

अत: यह वे पूर्ण नमूने हैं जिनके बारे में अल्लाह तआला ने फरमाया कि रसूल के आदर्श की तुम भी अपनी यथा शक्ति के अनुसरण तथा पालन करो। इस आदर्श का पालन करने के लिए कोशिश करनी होगी। एक चेष्टा करनी होगी। सिर्फ यह कह देना कि हम इस आदर्श पर कैसे चल सकते हैं? यह काफी नहीं है कि यह तो अल्लाह तआला के रसूल का वह उस्वा है जो बड़े उच्च नमूना का है। अल्लाह तआला ने फरमाया कि इस का तुम ने पालन करना है। अल्लाह तआला ने इस को अपनाने का आदेश दिया है तो उसके लिए कोशिश और मुजाहिद: की ज़रूरत है। अत: इस बारे में वर्णन फरमाते हुए आप फरमाते हैं कि

"जब तक मनुष्य मुजाहिद: न करेगा, दुआ से काम न लेगा, वह पर्दा जो दिल पर पड़ जाता है दूर नहीं हो सकता।"(वह सख्ती और अंधेरे रोक जो दिल में पैदा हो गई है वह दूर नहीं हो सकती, जब तक मुजाहिद: न करो जब तक दुआ न करो फिर इसके साथ ही कोशिश और दुआ दोनों बातें आवश्यक हैं।) इसलिए अल्लाह तआला ने फरमाया है कि إِنَّ اللّٰهَ لَا يُغَيِّرُ مَا بِقَوْمٍ حَتّٰى يُغَيِّرُوْا مَا بِاَنْفُسِهِمْ(अर्रअद12)अर्थात ख़ुदा तआला हर प्रकार आपदा और आफत को जो क़ौम पर आती है दूर नहीं करता है जब तक ख़ुद क़ौम उसे दूर करने की कोशिश न करे हिम्मत न करे। बहादुरी से काम न ले तो कैसे बदलाव हो।" फरमाते हैं "यह अल्लाह तआला की एक अटल सुन्नत है जैसे फरमाया। وَلَنْ تَجِدَ لِسُنَّتِ اللّٰهِ تَبْدِيْلًا अत: हमारी जमाअत हो

या कोई हो वे चरित्र में परिवर्तन तभी कर सकते हैं जब मुजाहिद: और दुआ से काम ले अन्यथा संभव नहीं है।

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 137 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम इस बात का वर्णन फरमाते हुए कि मनुष्य के आचरण जितने भी गिरे हुए हों अगर सुधार करना चाहे तो सुधार हो सकता है। जैसा कि पहले भी फरमाया कि इस के लिए मुजाहिद: करना पड़ता है। आप ने इस बार दार्शिनकों से दृष्टिकोण का भी वर्णन किया है और एक उदाहरण वर्णन किया है। जैसा कि आप फरमाते हैं कि

"दार्शिनकों के आचरण के बदलने पर दो विचार हैं एक तो वे हैं जो यह मानते हैं कि इंसान आचरण के बदलने में सक्षम है और दूसरे वे हैं जो यह मानते हैं कि वह समक्ष नहीं। मूल बात यह है कि आलस्य और सुस्ती न हो और हाथ-पैर हिलाए तो परिवर्तन हो सकता है।" (सुस्ती न दिखाओ। मुजाहिद: करो तो आचरण बेहतर हो सकते हैं।) फरमाते हैं कि "मुझे इस स्थान पर एक मिथक याद आई है वह यह है कि यूनानियों के प्रसिद्ध फलासफर प्लेटो के पास एक आदमी आया और दरवाज़े पर खड़े होकर अंदर सूचना दी। प्लेटो का नियम था कि जब तक आने वाले का हुलिया और चेहरे के हाव भाव पता न कर लेता था अंदर नहीं आने देता था" (उसका हुलिया और बाहरी हालत आदि जब तक पता न कर ले अंदर नहीं आने देता था) "और वह अंदाज़ा से अनुमान कर लेता था कि वह व्यक्ति कैसा है" (जो व्यक्ति आया है वह कैसा है।? इन बातों से अनुमान लगा लेता था। कि) "किस प्रकार का है।? नौकर ने आकर उस व्यक्ति का हुलिया (सामान्य अनुसार) बताया तो प्लेटो ने कहा कि उस व्यक्ति को कह दो कि चूंकि तुम में बुरे आचरण बहुत हैं मैं मिलना नहीं चाहता।"(तुम घटिया चरित्र के मालिक हो मैं तुम्हें मिलना नहीं चाहता।) "उस आदमी ने जब प्लेटो का यह जवाब सुना तो नौकर से कहा कि तुम जाकर कह दो कि जो कुछ तुम ने कहा वह ठीक है लेकिन मैंने अपने बुरे आचरण का सुधार कर लिया है" (बुरी आदतें समाप्त कर दी हैं।) "उस पर प्लेटो ने कहा। हाँ यह हो सकता है तो उसे अंदर बुला लिया और बहुत आदर के साथ उससे मिला।" आप फरमाते हैं कि "जिन दार्शिनकों के यह विचार हैं कि आचरण का बदलना संभव नहीं वे ग़लती पर हैं। हम देखते हैं कि कुछ नौकरी पेशा लोग जो रिश्वत लेते हैं जब वे सच्ची तौबा कर लेते हैं फिर अगर उन्हें कोई सोने का पहाड़ भी दे तो उस पर नज़र नहीं करते।"

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 137 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर आप आचरण के सुधार की तरफ ध्यान दिलाते हुए एक उदाहरण देते हुए फरमाते हैं

"कि इंसान पर जैसे एक तरफ जन्म के समय कमज़ोरी आती है" (अर्थात कमजोरी पैदा होनी शुरू हो जाती है उसकी ज़ाहरी बनावट में, शरीर की ज़ाहरी बनावट में) "जिसे बुढ़ापा कहते हैं उस समय आँखें अपना काम करना छोड़ देती हैं। कान सुनते नहीं। अत: शरीर का प्रत्येक अंग अपने काम से खाली और लगभग निलंबित हो जाता है। इसी तरह से याद रखें कि बुढ़ापा दो प्रकार का होता है।" (या बुढ़ापा दो प्रकार का होता है।) "प्राकृतिक और ग़ैर प्राकृतिक। प्राकृतिक तो वह है जैसा कि ऊपर उल्लेख हुआ।" (बाहरी शरीर का बुढ़ापा है यह प्राकृतिक बुढ़ापा है और) "ग़ैर प्राकृतिक वह है कि कोई अपने लगे हुए रोगों की चिंता न करे।" (जो बीमारियां हैं उनकी चिंता न करो तो वह इंसान को कमजोर कर समय से पूर्व बूढ़ा बना देंगी। बूढ़ा कर देंगी अगर चिंता न करोगे तो जैसे शारीरिक प्रणाली में है। अगर बीमारियों का इलाज न करे तो इंसान का शरीर कमज़ोर हो जाता है। यह शारीरिक प्रणाली में दो तरह का है। एक प्राकृतिक बुढ़ापा है उम्र के साथ बुढ़ापा आता है एक गैर प्राकृतिक बुढ़ापा जो इंसान पर कुछ ऐसे कारणों से आता है कमज़ोरी आती है जो असावधानी के कारण होता है।) फरमाया कि "ऐसा ही आंतरिक और आध्यात्मिक प्रणाली में भी होता है।" (एक बाहरी प्रणाली में जिस में ये दो प्रकार के बुढ़ापे हैं इसी तरह आंतरिक और आध्यात्मिक प्रणाली जो है उसमें भी दो तरह के बुढ़ापे हैं।) "अगर कोई अपने बुरे आचरण को अच्छे आचरण और अच्छे चरित्र से बदलने की कोशिश नहीं करता" (जो बुरे और गंदे विचार है उन्हें अच्छे विचारों और अच्छी बातों से बदलने की कोशिश नहीं करता तो) "उसकी नैतिक हालत बिल्कुल गिर जाती है। रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद और कुरआन की शिक्षा से यह बात स्पष्ट साबित हो चुकी है कि प्रत्येक रोग की दवा है लेकिन अगर आलस्य और सुस्ती व्यक्ति पर ग़ालिब आ जाए तो सिवाय मौत और क्या इलाज है। अगर ऐसी बेनियाज़ी से जीवन व्यतीत करे जैसा कि एक बूढ़ा करता है तो कैसे बचाव किया जा सकता है।

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 137 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

अत: आजकल इस सुस्ती के दूर करने के लिए अल्लाह तआला ने सामन प्रदान फरमाए हैं इस महीने में आचरण के सुधार की तरफ भी प्रत्येक को ध्यान देना चाहिए और अन्य कमज़ोरियों और गुनाहों से बचने की ओर भी ध्यान देना चाहिए। अगर इस माहौल के बावजूद ध्यान न दिया तो जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया तो व्यक्ति बुढ़ापे की अवस्था में चला जाएगा और इसमें जीवन का अंत है और फिर अल्लाह तआला के सामने बिना तक्वा के फिर आदमी हाज़िर होता है।

फिर आचरण को प्राप्त करने के लिए तौबा की तरफ ध्यान दिलाते हुए आप फरमाते हैं कि

"तौबा दरअसल आचरण के प्राप्त करने के लिए बड़ी उत्तम और सहायक बात है।" (उच्च आचरण पानी है तो वह भी तौबा से प्राप्त होते हैं। केवल तौबा यह नहीं कि गुनाहों से माफी मांग ली बल्कि अगर उच्च आचरण पर चलना है उन्हें प्राप्त करना है इसके लिए भी तौबा बड़ी आवश्यक है।) और फरमाया कि "और व्यक्ति को पूर्ण बना देती है अर्थात जो व्यक्ति अपने बुरे आचरण का परिवर्तन चाहता है इसके लिए आवश्यक है कि सच्चे दिल और पक्के इरादे के साथ तौबा करे। यह बात भी याद रखना चाहिए कि तौबा की तीन शर्तें हैं इन के अतिरिक्त सच्ची तौबा जिसे तौबतुन्नसूह कहते हैं, प्राप्त नहीं होती। इन तीनों शर्तों में से पहली शर्त जिसे अरबी भाषा में "इकला" कहते हैं। अर्थात उन बुरे विचारों को दूर कर दिया जाए जो रद्द की जाने वाले अवगुणों को तहरीक करते हैं । (जो अस्वीकार करने के योग्य चीज़ें हैं, आदतें हैं, बेहूदा विचार हैं बुराइयां हैं उन्हें दूर करने के लिए पहली आवश्यक है शर्त यह है कि उन्हें कैसे दूर करना है) फरमाया कि "मूल बात यह है कि विचारों का बढ़ा भारी प्रभाव पड़ता है।" (इस का विस्तार वर्णन करते हुए फरमाते हैं कि इंसान जब किसी बात का विचार करता है तो उसका इंसान के स्वभाव पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है) "क्योंकि कर्म के क्षेत्र में आने से पहले प्रत्येक काम एक अवधारणा की स्थिति रखता है।" (किसी भी काम को करने के लिए या कोई बात या विचार जब कर्म में आता है इससे पहले वह एक विचार है एक अवधारणा होता है) "अत: तौबा के लिए पहली शर्त यह है कि उन बुरे विचारों और बुरी अवधारणाओं को छोड़ दे। जैसे अगर एक व्यक्ति किसी महिला से कोई अवैध संबंध रखता हो तो उसे तौबा करने के लिए पहले आवश्यक है कि इस शक्ल को बदसूरत करार दे और सभी बुरी आदतें अपने दिल में ध्यान लाए क्योंकि जैसा कि मैंने अभी कहा है विचारों का बहुत ज़बरदस्त प्रभाव है। और फरमाते हैं "मैंने सूफियों के तज़किरों में पढ़ा है कि उन्होंने विचार को यहां तक पहुंचाया कि इंसान को बंदर या सुअर की सूरत में देखा। अत: यह है कि जैसी कोई कल्पना करता है वैसा ही रंग चढ़ जाता है। इसलिए जो विचार बुरी आदत का कारण समझे जाते थे उन्हें ध्वस्त करे। यह पहली शर्त है। (सोच में उन्हें गंदा समझे)

"दूसरी शर्त नदम अर्थात लज्जित होना और अफसोस प्रकट करना। प्रत्येक व्यक्ति की अन्तरात्मा अपने अंदर यह शक्ति रखती है कि वह उसे हर बुराई पर चेतावनी करती है।" फरमाया "लेकिन बद बख्त व्यक्ति उसे परित्यक्त छोड़ देता है।" (अल्लाह तआला ने जो उसके अंदर एक क्षमता रखी हुई है काम नहीं लेता इससे) " अत: गुनाह और बुराई के करने पर लज्जा प्रकट करे और यह विचार करे कि यह सुख अस्थायी और कुछ दिन के हैं।" (यह दुनिया के आन्नद जो हैं बिल्कुल अस्थायी हैं कुछ दिनों के हैं।)"और फिर यह भी सोचे कि हर बार इस आनन्द और मज़ा में कमी होती जाती है यहां तक कि बुढ़ापे में आकर जबकि शक्तियां बेकार और कमज़ोर हो जाएंगी अंत में इन सब दुनिया के सुखों को छोड़ना होगा। अत: जबकि ख़ुद जीवन ही में यह सब सुख छूट जाने वाले हैं तो उनके करने से क्या प्राप्त?"

फरमाते हैं "बड़ा ही भाग्यशाली है वह व्यक्ति जो तौबा की तरफ लौटता है और जिस में प्रथम "इकला" का विचार पैदा हो अर्थात बुरे विचार और बेहूदा अवधारणाओं को ध्वस्त करे। जब यह गन्दगी और नापाकी निकल जाए तो पछताया हो और अपने किए पर लज्जित हो।

तीसरी शर्त इरादा है। अर्थात भविष्य के लिए दृढ़ इरादा करना पक्का इरादा कर ले कि फिर इन बुराइयों की तरफ नहीं लौटेगा और जब वह निरनतरता करेगा तो

ख़ुदा उसे सच्ची तौबा की तौफ़ीक़ प्रदान करेगा। यहां तक कि वे बुराइयां उससे बिल्कुल नष्ट होकर आचरण और प्रशंसनीय कार्य उसकी जगह ले लेंगे और यह जीत है आचरण पर।" फरमाया कि "इस पर ताकत और शक्ति देना अल्लाह तआला का काम है क्योंकि सभी शक्तियों और ताकतों का मालिक वही है। जैसे फरमाया اَنَّ الْقُوَّةَ لِلّٰهِ جَمِيْعًا सारी शक्तियां अल्लाह तआला ही के लिए हैं और आदमी कमजोर है। خُلِقَ الْاِنْسَانُ ضَعِيْفًا इस की वास्तविकता है। अत: ख़ुदा तआला से सहायता पाने के लिए ऊपर लिखित प्रत्येक तीनों शर्तों को (ये तीनों शर्तें जो हैं।)" पूर्ण कर के मनुष्य आलस्य और सुस्ती को छोड़ दे और चौकस होकर मेहनत कर के ख़ुदा तआला से दुआ मांगे। अल्लाह तआला आचरण बदल देगा।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 138-140 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर उन बुरे आचरण को छोड़ने के लिए जो प्रयास करना है और जो छोड़ता है उसकी एक बहादुर से उदाहरण देते हुए आप फरमाते हैं कि "हमारी जमाअत में दबंग और पहलवानों की शक्ति रखने वालों की आवश्यकता नहीं।" (कोई पहलवान हमें नहीं चाहिए) "बल्कि ऐसी ताकत रखने वाले अभिप्राय हैं"(ऐसी ताकत रखने वाले लोग चाहिए) "जो आचरण में परिवर्तन के लिए कोशिश करने वाले हों। यह एक सच्ची बात है कि वह दबंग और शक्ति वाला नहीं जो पहाड़ को अपनी जगह से हटा सके।" (शक्तिशाली वह नहीं है जो किसी पहाड़ को अपनी जगह से हटा दे।) फरमाया कि "असली बहादुर वह है जो आचरण को बदलने पर सामर्थ्य पाए। अत: याद रखना कि सारी हिम्मत और ताकत आचरण को बदलने में खर्च करो क्योंकि यही वास्तविक शक्ति और साहस है।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 140 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर आप फरमाते हैं कि

"नैतिक हालत एक ऐसी करामत है जिस पर कोई उंगली नहीं रख सकता और यही कारण है कि हमारे रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सबसे बड़ा और शक्तिशाली चमत्कार आचरण का ही दिया गया है। जैसे फरमाया। اِنَّكَ لَعَلٰى خُلُقٍ عَظِيْمٍ(अल्कलम 5) यूं तो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से हर प्रकार के चमत्कारों के सबूत में समस्त नबी अलैहिस्सलाम के चमत्कारों से अपने आप बढ़े हुए हैं लेकिन आप के आचरण के चमत्कार का नंबर उन में सबसे प्रथम है जिसकी मिसाल दुनिया के इतिहास नहीं मिल सकती और न प्रदान कर सकेगी।"

आप फरमाते हैं। "मैं समझता हूं कि प्रत्येक व्यक्ति जो अपने बुरे आचरण को छोड़कर बुरी आदतों को परित्यक्त करे अच्छे आचरण को अपना लेता है।" (बुराईयां छोड़कर नेकियाँ धारण करता है) "उसके लिए वही चमत्कार है। जैसे अगर बहुत ही सख्त क्रोध स्वभाव वाला और ग़ुस्सा वाला इन बुरी आदतों को छोड़ता और नम्रता और क्षमा को अपनाता है या कंजूसी को छोड़ कर उदारता और ईर्ष्या के बजाय सहानुभूति हासिल करता है तो बेशक यह करामत है। और ऐसा ही अहंकार और गर्व को छोड़कर जब विनम्रता और विनय को अपनाता है तो यह विनय ही करामत है। अत: तुम में से कौन है जो नहीं चाहता है कि करामत वाला बन जाए। मैं जानता हूँ प्रत्येक यही चाहता है। अत: बस यह एक निरन्तर और जीवित करामत है। इंसान आचरण को ठीक करे क्योंकि यह एक ऐसी करामत है जिसका असर कभी नष्ट नहीं होता बल्कि लाभ दूर तक पहुँचता है।" फरमाया कि "मोमिन को चाहिए कि सृष्टि और निर्माता के निकट करामत वाला हो जाए।" (अल्लाह तआला की सृष्टि के निकट भी और अल्लाह तआला के निकट भी अपने अंदर पवित्र परिवर्तन पैदा कर के, अहंकार को छोड़ कर, विनम्रता धारण करके, उदारता की आदत पैदा कर के, ईर्ष्या की आदत छोड़ कर सहानुभूति की आदत पैदा कर के एक करामत वाला हो। यह गुण धारण करे और बुराईयां छोड़े तो यह अल्लाह तआला की सृष्टि के निकट भी और अल्लाह तआला के निकट भी चमत्कार है।) फरमाया कि "बहुत से शराबी और अय्याश ऐसे देखे गए हैं जो किसी आदत से हट कर निशान को मानते नहीं लेकिन आचरण की हालत को देखकर उन्होंने भी सिर झुका लिया और सिवाय स्वीकार करने और समझाने के दूसरी राह नहीं मिली। अत: फरमाते हैं कि "कई लोगों की जीवनी में इस बात को पाओगे कि उन्होंने नैतिक करामतों को ही देखकर सच्चे धर्म को स्वीकार कर लिया है।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 141-142 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

अब एक मजलिस में मस्जिद में बैठे आप यह उल्लेख कर रहे थे। तो कुछ सिख फकीरों वाली पोशाक में आए। उन्हें नशा चढ़ा हुआ था। वे भी मज्लिस में आ गए। लिखने वाले लिखते हैं कि उन्होंने आकर ऐसी बकवास की कि संभव था कि जन्नती मजलिस में भंग पड़े। कुछ बेचैनी पैदा हो जाए। फरमाते हैं कि लेकिन हमारे सादिक इमाम अलैहिस्सलाम ने अपने व्यावहारिक नमूना से यह आचरण की करामत दिखाई जिसकी हिदायत फ़रमा रहे थे। जिसका असर हाज़िर लोगों पर ऐसा पड़ा कि अक्सर इनमें से चिल्ला चिल्ला कर जोश से रो पड़े और दुष्ट अंत में पुलिस के हाथ जा पड़े। और पुलिस ने आकर उन्हें पकड़ लिया और उन की फिर पिटाई की जिस से कहते हैं उन का नशा हिरन हो गया।"

(उद्धरित सम्पादक की पंक्तियां हाशिया मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 141-142 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर ईमान लाने के विभिन्न कारणों के बारे में बयान फरमाते हुए आप फरमाते हैं कि

"दुराचारी आदमी जो नबियों के मुकाबला में थे केवल वे लोग जो हमारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के मुकाबला में थे उनका ईमान लाना चमत्कार पर निर्भर न था और न चमत्कार और आदत से हट कर निशान उनकी तसल्ली का कारण थे बल्कि वे लोग आँ हज़रत (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के उत्तम आचरण को ही देख कर आप की सत्यता को मानने वाले हो गए थे। आचरण के चमत्कार वह काम कर सकते हैं जो सामर्थ्य वाले चमत्कार नहीं कर सकते। اَلْاِسْتِقَامَةُ فَوْقَ الْكَرَامَةِ का यही अर्थ है और अनुभव कर के देख लो कि दृढ़ता कैसे करिश्मे दिखाती है। करामत की तरफ तो कुछ ध्यान ही नहीं होता। विशेष रूप से आजकल के ज़माने में। लेकिन अगर पता लग जाए कि अमुक व्यक्ति आचरण वाला आदमी है तो उसकी ओर जितना लौटना होता है वह कोई छिपी बात नहीं।" फरमाया "अच्छे आचरण का प्रभाव उन पर भी पड़ता है जो कई प्रकार के निशान को देखकर भी संतुष्टि और आराम नहीं पा सकते।" फरमाते हैं कि "बात यह है कि कुछ आदमी ज़ाहरी चमत्कार और निशानों को देखकर" (ईमान लाते हैं) परन्तु अधिकतर तथ्य और मआरिफ़ को देखकर ईमान लाते हैं जिनके मार्गदर्शन और शान्ति का कारण उत्तम आचरण और प्यार होते हैं।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 81-82 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

आजकल भी असंख्य लोग जो अहमदियत में दाख़िल होते हैं किसी न किसी अहमदी के आचरण से प्रभावित होकर या समग्र जमाअत के आचरण से प्रभावित होकर अहमदी हो रहे होते हैं। अत: हर अहमद को इस बात पर नज़र रखनी चाहिए कि आचरण केवल उसे तक्वा में बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि एक धार्मिक कर्तव्य है और दूसरों के सुधार का माध्यम भी हैं। इसलिए हर अहमदी को अपने आचरण पर नज़र रखनी चाहिए।

ईमान का तरीका क्या है? इस का विवरण फरमाते हुए आप फरमाते हैं कि

"अल्लाह तआला से सुधार चाहना और अपनी ताकत खर्च करना यही ईमान का तरीका है।" जितनी शक्ति है अपना ज़ोर लगाना। उसे खर्च करना और अल्लाह

इस्लाम और जमाअत अहमदिय्या के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

तआला से सुधार के लिए दुआ करना। ईमान प्राप्त करने का यह तरीका है। फरमाते हैं कि "हदीस में आया है कि जो विश्वास से अपना हाथ दुआ के लिए उठाता है अल्लाह तआला उसकी दुआ अस्वीकार नहीं करता है। इसलिए ख़ुदा से मांगो और विश्वास और ईमानदारी इरादे से मांगो।" फरमाते हैं कि "मेरी सलाह तो यही है कि अच्छे आचरण दिखाने के लिए ही अपनी करामत प्रकट करना है। अगर कोई कहे कि मैं करामात वाला बनना नहीं चाहता तो यह याद रखे कि शैतान उसे धोखा में डालता है। करामत से अहंकार और गर्व अभिप्राय नहीं है। करामत से लोगों को इस्लाम की सच्चाई और वास्तविकता मालूम होती है और हिदायत होती है। मैं तुम्हें फिर कहता हूँ कि अहंकार और गर्व तो नैतिक करामत में सम्मिलित ही नहीं। अत: यह शैतान की शंका है। देखो यह करोड़ों मुसलमान जो धरती के विभिन्न भागों में नज़र आते हैं क्या ये तलवार के बल से बलात से हुए हैं? नहीं। यह बिल्कुल ग़लत है यह इस्लाम का करामत वाला प्रभाव है जो उन्हें खींच लाया है।" फरमाते हैं 'करामतें विभिन्न प्रकार की होती हैं उन में से एक नैतिक करामत भी है जो हर क्षेत्र में सफल है उन्होंने जो मुसलमान हुए केवल सच्चों की ही करामत देखी और उस का प्रभाव पड़ा। उन्होंने इस्लाम को महानता की निगाह से देखा न तलवार को देखा।" फरमाते हैं कि "बड़े बड़े शोधकर्ता अंग्रेज़ो को यह बात माननी पड़ी है कि इस्लाम की सच्चाई की भावना ही ऐसी शक्तिशाली है जो अन्य जातियों को इस्लाम में आने पर मजबूर कर देती है।"

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 138-140 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

फिर इस बात को बयान फरमाते हुए कि आचरण भी रिज़क की तरह हैं और उनको व्यक्त करना अल्लाह तआला के दिए हुए रिज़क की तरह है और यह भी तक्वा का एक व्यावहारिक अंग और भाग भी है। आप फरमाते हैं कि

